तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024



भंवरपुर में हुई संकुल केंद्र के प्रधान पाठकों व शिक्षकों... 10



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में... 10



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम बिजराभांठा जाने के कच्चे रास्ते में एक बाइक चालक से महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में ग्राम सावित्रीपुर की ओर से ग्राम सांकरा की ओर अवैध शराब परिवहन कर रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर ग्राम बिजराभांठा जाने का कच्चे रास्ते में आरोपी अनिल बंजारे पिता स्व. प्रभाराम बंजारे (24 साल) निवासी पितईपलिहा डीपा सावित्रीपुर के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### स्कूल जा रहे बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** सायकल से स्कूल जा रहे 9 साल के बच्चे की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला ग्राम कलेंडा का है। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी लक्ष्मण पटेल पिता गंगाधर पटेल का भतीजा रितिक पटेल पिता स्व. मुनिराज पटेल (9 साल) 14 नवंबर की सुबह 8:30 बजे अपनी सायकल से पढ़ाई करने सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम कलेंडा जा रहा था। राम कलेंडा के दशरथ सेठ घर के सामने आइशर ट्रैक्टर सीजी 04 डीएम 3161 के चालक तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से रितिक पटेल के पैर, सीने, नाक, बांये पैर के जांघ में गंभीर चोट लगी। जिसे चिवराकुटा के अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान रितिक पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने




वार्ड 11 बाजारपारा में एक व्यक्ति के खिलाफ पान ठेला में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 11 बाजार पारा तेंदूलोथा जाने की कच्ची रोड किनारे आरोपी सुरेंद्र बघेल अपने पान ठेला बागबाहरा में लोगों को शराब पीने पिलाने की संसाधन उपलब्ध करा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शराब पीने वाले वहां से भाग निकले। वहीं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे आरोपी सुरेंद्र बघेल पिता लालू बघेल (20 वर्ष) के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मौके से एक नग देशी प्लेन शराब की पौवा वाली शीशी जिसमें करीबन 25 एमएल हाथ भट्ठी की महुआ शराब भरी हुई थी को जब्त किया गया।

# शहरी आवासहीनों के लिए सर्वे की हुई शुरुआत, बनेंगे पीएम आवास

## पूर्व में हुए सर्वे के आधार पर महासमुंद पालिका में 70 पात्र हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहरी आवासहीनों के लिए पीएम आवास योजना के तहत सर्वेक्षण की शुरुआत शुक्रवार से हुई। बता दें कि पूर्व में हुए सर्वे के आधार पर महासमुंद पालिका में 70 पात्र हितग्राही हैं जिनके मकान नही बन पाए हैं। अब नए सर्वे के साथ शहर में हितग्राहियों की संख्या में भी इजाफा होगा। बता दें कि यह सर्वे आगामी एक माह तक जारी रहेगा।

राज्य के शहरी आवासहीनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण की शुरुआत होने के बाद जिले के नगरीय निकायों में एक फिर इसके सर्वे की शुरुआत हुई। हालांकि, भाजपा के इस पैंतरे तो आगामी नगरीय निकाय चुनावों में लाभ लेने की मंशा के तहत उठाया गया कदम निरुपित करने में कांग्रेसी पीछे नहीं हैं। सूत्र बताते हैं कि आगामी दिनों में नगरीय निकायों में भारसाधक अधिकारी सभी निर्णयों में मंजूरी देंगे और कदाचित इसका लाभ भाजपा को होगा। लेकिन, संख्या काफी नगण्य होने के कारण अधिक लाभ मिल पाने पर संशय बरकरार है। केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में आवासहीन हितग्राहियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे हितग्राही जिन्हें प्रथम चरण में आवास की सुविधा नहीं मिल पाई है और जो अभी तक आवास की सुविधा से वंचित हैं, उन्हें द्वितीय चरण 'प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0' में सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हांकित करते हुए आवास के लिए आवेदन की प्रक्रिया और आवास उपलब्ध कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी। राज्य के शहरों में आबादी बढ़ने के साथ ही आवास की मांग भी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के माध्यम से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी परिवारों को उनके पहले पक्के आवास के सपने को पूरा करने के की लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिससे वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत करनेके साथ ही खुद के आवास के सपने को भी ना साकार कर सकें।



### तीन आय वर्गों को किया गया है शामिल

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजना को चार श्रेणियों लाभार्थी आधारित निर्माण, भागीदारी में किफायती आवास, किफायती किराया आवास तथा ब्याज सब्सिडी योजना में विभाजित किया गया है। केंद्र सरकार ने योजना का दायरा बढ़ाते हुए तीन आय वर्गों के हितग्राहियों को इसमें शामिल किया है। तीन लाख रुपए तक के वार्षिक पारिवारिक आय वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, छह लाख रुपए तक के वार्षिक पारिवारिक आय वाले निम्न आय वर्ग व नौ लाख रुपए तक के वार्षिक पारिवारिक आय वाले मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) को भी योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। पालिका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सर्वे का शुभारंभ किया गया। अब सर्वे के बाद पुराने सर्वे में बचे आवास और नए आवास बनाए जाने की शुरुआत होगी।

## कार्रवाई : ओंकारबंद में खाल के टुकड़े के साथ पांच गिरफ्तार

# तेंदुए और चीतल के खाल के खरीदार बनकर पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तेंदुए और चीतल की खाल बेचे जाने की खबर पर अफसर स्वयं खरीददार बनकर पहुंचे और शिकारी समेत दलाल को रंगेहाथ खाल के साथ गिरफ्तार किया। वनमंडल अंतर्गत बागबाहरा परिक्षेत्र के ओंकारबंद से चितल की खाल व तेंदुए के खाल के टुकडे के साथ पांच लोगों को उदन्ती के उपसंचालक वरुण जैन की टीम ने गिरफ्तार कर बागबाहरा वनपरिक्षेत्राधिकारी के सुपुर्द किया है।

- माह भर पहले खा गए थे चीतल का मांस, अब बेचने की फिराक में थे खाल

पांच आरोपियों में से तीन आरोपी ग्राम चुरकी व दो मरार कसीबाहरा के निवासी बताए गए हैं। दरअसल, उदन्ती के उपसंचालक को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चीतल के खाल को बेचने के फिराक में है।

सूचना पर उपसंचालक की टीम खरीददार बनकर ओंकारबंद पहुंची और दस हजार में सौदा तय किया। आरोपी जैसे ही खाल लेकर पहुंचे उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मानसिंग 40 वर्ष निवासी चुरकी, सुकालु 45 वर्ष निवासी मरार कसीबाहरा, हरक 40 वर्ष निवासी मरार कसीबाहरा, गिरधर ध्रुव 38 वर्ष निवासी चुरकी एवं पिलाराम बेलदार 50 वर्ष निवासी चुरकी ने पूछताछ में बताया कि एक माह पहले ओंकारबंद के जंगलों में चीतल का शिकार कर मांस खा गये थे और अभी खाल को बेचने वाले थे। जिसे दस हजार मे बेचते। वन विभाग की टीम ने चीतल की पूरी खाल एवं तेंदुए के सिर का खाल, जिसक लंबाई 4", चौड़ाई 4" है उसे जब्त किया है।



आरोपी पीलाराम ध्रुव ने बताया कि उसने खाल बेचने विक्रेता और खरीददार को आमने सामने किया हूं, उसने अन्य लोगों के शिकारी होने की जानकारी होने की बात भी स्वीकारी है। वन विभाग के उपमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान ने बताया कि उदंती के उपसंचालक को मुखबिर से सूचना मिली थी इसी तारतम्य में चीतल की खाल व तेंदुए के खाल के एक छोटे से टुकडे के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसके लिए इन्होंने दस हजार रुपए का दाम तय किया था। आरोपियों पर वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39(3), 44(1), 48,51 के तहत मामला दर्ज कर बागबाहरा न्यायालय में पेश किया गया।

# कफ सिरप का अवैध परिवहन दो युवकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ओडिशा से कफ सिरप का अवैध परिवहन करने वाले दो युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। ये युवक कफ सिरप को छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिश में थे। सिंघोड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर की सुबह 8:40 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काले कलर के बिना नंबर बजाज प्लसर बाइक मे अवैध कफ सिरप रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक बाइक वहां पहुंची, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे, जिन्हें रोककर पूछताछ किया गया। पूछताछ करने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने पास रखे पिट्ठू बैग में 120 नग वनरेक्स कफ सिरप रखना स्वीकार किया और उक्त सिरप को संबलपुर ओडिशा से बिलासपुर छत्तीसगढ़ खपाने ले जाना बताया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरी नागवानी पिता प्रकाश नागवानी (25 साल) निवासी वार्ड नंबर 40 तोरवा नाका थाना तोरवा जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शिवा गोयल पिता स्व. जीवन गोयल (31 साल) वार्ड नंबर 52 रायकिशोर निगियाडी थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छग) का निवासी होना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बैग में भरी 120 नग वनरेक्स कफ सिरप कीमत 21600 रुपए, बाइक 70000 रुपए, दो मोबाइल जब्त किए गए। आरोपियों के खिलाफ धारा 21(ग) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### दो पक्षों के बीच मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम लाखागढ़ में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पहले पक्ष के तारेंस कोसरिया की रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अपने घर के सामने दरवाजा में नल का पाइप सुधार कर रहा था उसी समय आकिब हसन पिता सईद हसन निवासी लाखागढ़ से आया और मारपीट चालू कर दिया। आरोपी ने सीने में बैठकर गले को पूरी तरह से दबा दिया था, किसी तरह छुड़ाकर अंदर गया, लेकिन वहां पहुंचकर फिर उसने गला दबाया।इसी दौरान प्रार्थी की पत्नी जैनब कोसरिया वहां आई, जिसके साथ भी आरोपी ने मारपीट किया। इसके बाद प्रार्थी की पत्नी ने पुलिस को कॉल कर बुलाया। पुलिस के आने पर आरोपी भाग गया और भागते समय उसका ब्लूटूथ एयरुोन और मोटर सायकल छूट गया, जिसे पुलिस ने जब्त किया। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि आकिब के द्वारा उसे पूरे परिवार को बाहर से आदमी बुलाकर मारने की धमकी दिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी आकिब हसन निवासी लाखागढ़ के साथ 14 नवंबर को तारिंस कोसरिया द्वारा मुझे गाली गलौच, मारपीट कर मेरे गाड़ी को तोड़ा दिया एवं उसके साथ संजय कोसरिया द्वारा गाली गलौच किया गया। पुलिस न रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 324(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है ।

## प्रकाश पर्व की धूम, गुरुद्वारा में कीर्तन के बाद आम लंगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्री गुरुनानक देव जी की 555 वीं जयंती (प्रकाश पर्व) शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। स्थानीय गुरूद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर गुरुद्वारा में शुक्रवार को सुबह से कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान सिख समाज के अलावा अन्य समाज के लोग कीर्तन में शामिल हुए। कीर्तन के बाद आम लंगर वरताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पूर्व गुरूवार की शाम गुरूनानक देव की जयंती प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहर में खालसाई शान के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई पारंपरिक परिधान में सजे-धजे हाथों में तलवार धारण किए हुए पंज प्यारों ने की। शोभायात्रा स्टेशन मार्ग स्थित गुरु तेगबहादर गुरूद्वारा से प्रमुख चौक-चौराहों से होती हुई वापस गुरुद्वारा पहुंची। बता दें कि दीपावली के बाद से ही सिख समाज के महिला-पुरूष व बच्चे रोजाना प्रभातफेरी निकालकर गुरूबाणी जन-जन तक पहुंचा रहे थे। वहीं, लोहिया चौक में रोजाना अरदास से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बच्चों ने रस्से से आकर्षक करतब दिखाए। शोभायात्रा का सिख समाज के अलावा अन्य समाज ने भी जलपान व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



प्रथम पंक्ति में ब्रॉस बैंड के कलाकार जहां अपनी कला से मंत्रमुग्ध कर रहे थे तो ठीक इसके पीछे महिलाएं -'जो बोले से निहाल सतश्री अकाल' का उद्घोष करती हुईं चल रही थीं। बाद गुरुग्रंथ साहब का विशाल रथ चल रहा था। जिसकी अगुवाई पंज प्यारे कर रहे थे। महिलाएं झाड़ू लगाती हुई तथा सड़क को पानी से धो रही थीं, साथ ही पुरूष राहभर फूल बिछाते चल रहे थे।

## पहले दिन ही कार्रवाई, अंकोरी में 879 कट्टा अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान खरीदी शुरु होने के साथ ही अवैध धान संग्रहण पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसी तारतम्य में बसना में छापामार कार्रवाई कर प्रशासनिक अमले ने दो लोगों के यहां से कुल 879 कट्टा धान जब्त किया वहीं कोमाखान के ग्राम बोइरगांव में 300 कट्टा धान जब्त करते हुए गोदाम सील करने के साथ मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

उल्लेनीय है कि प्रशासन द्वारा पहले दिन ही सरायपाली, पिथौरा में बड़ी कारवाई की गई है। जिसमें ट्रक में अवैध परिवहन करते और 1000 कट्टा धान का भंडारण किया गया था। जिसे जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बसना एसडीएम मनोज खांडे के निर्देशन में देर रात बसना के ग्राम अंकोरी में विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार घर में क्रमशः 479 और 400 कट्टा धान के अवैध भंडारण पर सख्ती बरतते हुए कुल 879 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अफसरों को सूचना मिली थी कि अंकोरी विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार के घर में बिना पर्याप्त दस्तावेज के धान का भंडारण किया गया है। तत्पश्चात राजस्व की टीम ने छापामार कार्रवाई की और दस्तावेज मांगे, परंतु पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। इस मामले में प्रशासन द्वारा धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत करवाई कर जब्त किया गया। ज्ञात है कि कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए हैं कि अवैध परिवहन और भंडारण पर सख्ती जारी रहेगी, और जांच में दोषी पाए जाने वालों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर, फ़ूड इंस्पेक्टर, मंडी उपनिरीक्षक, पटवारी मौजूद थे।

**कोमाखान के ग्राम बोइरगांव में 300 कट्टा धान जब्त, गोदाम सील**

बागबाहरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश कुमार साहू के नेतृत्व में अवैध धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की गई। ग्राम बोइरगांव, तहसील कोमाखान निवासी टियन साहू के घर से बिना दस्तावेजों के लगभग 300 कट्टा धान जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टियन साहू द्वारा बड़ी मात्रा में धान का अवैध भंडारण किया गया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने जांच की, जिसमें धान भंडारण के वैध दस्तावेज न मिलने पर इसे जब्त कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, कोमाखान शराब दुकान के पास स्थित एक गोदाम की भी जांच की गई। गोदाम में बड़ी मात्रा में धान पाया गया, लेकिन मालिक की अनुपस्थिति के कारण गोदाम को सील कर दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध धान भंडारण और अन्य अनियमित गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर सूर्योदय से पूर्व श्रद्धालुओं ने किया नदी, तालाब में स्नान

# नदी, तालाबों में दीपदान कर मांगी सुख-समृद्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में सूर्योदय से पहले श्रद्धालु महिला, पुरुष और युवाओं ने नदी तालाब में स्नान किया और दीपदान किया। कनेश्वर महादेव, शहर के कुल देवी मां महामाया मंदिर पहुंचकर लोगों ने पूजा-अर्चना की और नदी, तालाबों में दीपदान कर सुख समृद्धि की कामना की।

कार्तिक पूर्णिमा के धार्मिक और आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान नारायण ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन अपना पहला मत्स्य अवतार लिया था। पूर्णिमा को दीप दान करने से दिव्य कांति की प्राप्ति होती है। मान्यता के अनुसार दीप दान करने से यज्ञ करने के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। बता दें कि पंचांग के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा तिथि 15 नवंबर की सुबह 06.19 बजे से शुरू हुई और शनिवार को सुबह 02.58 बजे तक है। उदयातिथि के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का त्यौहार शुक्रवार को मनाया गया। बताया जाता है कि

- भगवान नारायण ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन अपना पहला मत्स्य अवतार लिया था

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है। सालभर में कुल 12 पूर्णिमा तिथि आती है, जिसमें कार्तिक पूर्णिमा का खास स्थान होता है और हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर देव दिवाली भी मनाई जाती है। कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरारी पूर्णिमा भी कहते हैं। दरअसल, इस तिथि पर भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नाम के एक दैत्य का वध किया था, इसलिए इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।

कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र नदी में स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है। इस दिन दान और नदियों के किनारे दीपक जलाने पर कई गुना पुण्य लाभ मिलता है। कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान विष्णु के रूप में मत्स्य अवतार हुआ था, मत्स्य अवतार को भगवान विष्णु के दस अवतारों में पहला अवतार माना जाता है। कार्तिक पूर्णिमा का सिख धर्म में भी विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। सिख धर्म में इसे गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है।



### कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ आंवला पूजन

**महासमुंद।** क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आंवला पूजन किया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से आंवला पेड़ की पूजन भोजन प्रसाद ग्रहण किया। ग्राम खरोरा में पर्व को लेकर महिलाओं एवं बच्चों मंआ काफी उत्साह था। सुबह से ही महिलाओं ने पर्व की तैयारियों में जुटी रही। आंवला पेड़ के समक्ष दीपक जलाकर विधि-विधान से महिलाओं ने पूजा अर्चना की। पर्व पर विप्र समाज की महिलाओं ने सामूहिक भोज का आयोजन किया।

### कार से उठाईगिरी मामले में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय स्थित समाज कल्याण विभाग के सामने 14 नवंबर को कार का शीशा तोड़कर तीन लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी द्रोण कुमार चंद्राकर निवासी बावनकेरा 14 नवंबर को गांव से महासमुंद केसीसी का पैसा निकालने के लिए पंजाब नेशनल बैंक महासमुंद अपनी कार क्र. सीजी 04 पीवाय 3242 से ममेरा भाई विनोद चंद्राकर के साथ पहुंचा। पीएनबी में दोपहर करीब 2.40 बजे केसीसी खाता से 3 लाख रुपए आहरण कर कार के डेश बोर्ड में रखा था। इसके बाद दोनों कार से कलेक्टर परिसर समाज कल्याण विभाग गए, दोपहर करीब 3.10 बजे कार को समाज कल्याण विभाग के सामने खडी कर लॉक करके दोनों मत्स्य विभाग के अधिकारी से मिलने गए लौटने पर कार का शीशा टूटा मिला और डेशबोर्ड में रखा रुपया भी नहीं मिला। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### साय ने गुरुद्वारा में टेका मत्था, पर्व की दी बधाई

**महासमुंद।** गुरुनानक देवजी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में नगर के गुरुद्वारा में चल रहे प्रतिदिन कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन कुमार साय शामिल हुए। सिख समाज द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, प्रलय थिटे, रमेश साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने मनाया आंवला नवमी पर्व

**महासमुंद।** शांत्री बाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में बीएड,बीए, बीएससी, पीजीडीसीए के विद्यार्थियों द्वारा आंवला नवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा आंवला नवमी पर्व के उपलक्ष्य में आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर उसे रक्षासूत्र में बांधकर पर्यावरण सरंक्षण करने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने कहा कि कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवले पेड़ की पूजा का महत्व बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर समेत सभी सहायक प्राध्यापक गण उपस्थित रहें।



### नपाध्यक्ष ने जयंती पर किया चाचा नेहरू को याद

**महासमुंद।** देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने उन्हें याद किया। श्रीमती महिलांग ने सुबह शहर के नेहरू चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रीमती महिलांग ने कहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व नेहरु को भुलाया नहीं जा सकता। आजादी के बाद देश के विकास में उनका अमूल्य योगदान रहा है। स्वर्गीय नेहरु को बच्चों से बहुत प्यार था। इसलिए उन्हें बच्चें 'चाचा नेहरु' कहा करते थे।

### पीएम आवास 2.0 के लिए डोर-टू डोर सर्वे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों के चयन के लिए शासन के निर्देश पर पालिका द्वारा 15 नवंबर 24 से डोर टू डोर सर्वे शुरू जा रहा है। इस दौरान हितग्राही पोर्टल पर एंट्री कर पात्र हितग्राहियों को चयनित घटक के अनुसार योजना का लाभ दिया जाने का प्रावधान है। नगर पालिका सीएमओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से छूटे हुए अथवा वंचित पात्र हितग्राहियों से अपील किया है कि सर्वे में आवश्यक जानकारी प्रदान कर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ लें।

## चर्चा: शैक्षिक गतिविधियों व गुणवत्ता बढ़ाने दिया गया जोर

# भंवरपुर में हुई संकुल केंद्र के प्रधान पाठकों व शिक्षकों की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विकासखंड बसना के विद्यालयों में

- सभी प्रधान पाठक एवं स्मार्ट टीचर द्वारा अपने-अपने विद्यालय में किये जा रहे गतिविधियों के बारे में बताया गया



शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु संकुल भंवरपुर, संतपाली, नौगड़ी, बिछिया, सेक्टर भंवरपुर की आवश्यक बैठक विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉ. पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक लोकनाथ खुंटे, भूपेश पाढ़ी, पुरंदर बंछोर, सुरेश साहू के नेतृत्व में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में रखा गया।

इस बैठक में सेक्टर भंवरपुर के स्मार्ट टीचर, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक, संकुल समन्वयक सहित अनेक शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित होकर विद्यालयों में किये जा रहे शैक्षिक गतिविधियों, शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। संकुल समन्वयक भूपेश पाढ़ी ने बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉ.पूर्णानंद मिश्रा ने स्मार्ट टीचर, साउंड सिस्टम से प्रार्थना सभा, स्वप्रेरित होकर गणवेश धारण, निर्धारित समय पर शासकीय आदेशों का पालन करने, शैक्षिक गतिविधियों का वीडियो व आडियो क्लिप तैयार करने, समय नियोजन करके बच्चों का अध्ययन-अध्यापन, शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षक डायरी भरने, शासन द्वारा निर्धारित समय में हर माह इकाई परीक्षा आयोजित करने, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अध्यापन आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि नवाचार शिक्षण गतिविधि के ज़रिए वर्तमान विधियों और परिस्थितियों में सुधार, शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन, शिक्षा को नई दिशा, छात्रों और शिक्षकों दोनों को सीखने और सिखाने का एक नया तरीका, छात्रों में रचनात्मकता, समस्या-समाधान कौशल विकसित, शिक्षक स्वयं सृजनशील और अध्ययनशील बनते हैं। नवाचार से जटिल समस्या को हल करके शिक्षा को सुविधाजनक और आसान बनाकर बच्चों में वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जा सकता है।

अपने विद्यालय में चलाए जा रहे नवाचार, शैक्षणिक गतिविधियों एवं बीआरसीसी डॉ.पूर्णानंद मिश्रा द्वारा पूरे विकासखंड बसना में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताते हुए शिक्षक प्रेमचंद साव ने कहा कि शिक्षा में नवाचार के माध्यम से नवीनतम तकनीक को विद्यालय में पहुचाया जाता हैं।नवीन शिक्षण तकनीकी के माध्यम से बालक का सर्वांगीण विकास संभव होता हैं। शिक्षा में किए जा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से बसना का जिले एवं राज्य में एक अलग पहचान बना है।

प्रधान पाठक दामोदर वैष्णव, वीरेंद्र कुमार नर्मदा, डॉ. सुकमोती चौहान, चंद्रप्रकाश नायक आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने अपने स्कूल में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक लोकनाथ खुंटे, भूपेश पाढ़ी, पुरंदर बंछोर, सुरेश साहू, प्रेमचंद साव, वीरेंद्र कुमार नर्मदा, चंद्रप्रकाश नायक, दामोदर वैष्णव, इंदल सिदार, गजेंद्र नायक, शिक्षिकाएं, संकुल समन्वयक, स्मार्ट टीचर आदि उपस्थित रहे। अंत में नौगड़ी के संकुल समन्वयक पुरंदर कुमार बंछोर ने बैठक में सहभागिता प्रदान करने के लिए शिक्षकों का आभार जताया।

# परसकोल में हुई अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता, करपीहा टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना तहसील से 5 किलोमीटर की

- कबड्डी प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्यों एवं जिलों के प्रतिभागी हुए शामिल



दूरी पदमपुर रोड पर स्थित ग्राम पंचायत परसकोल में महाराणा सम्राट क्रिकेट टीम (एमएससीटी) के तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां प्रो कबड्डी के खिलाड़ी एवं अनेकों राज्यों से खिलाड़ियों का आगमन हुआ। बता दें कि इस पिछड़े हुए गांव में पिछले कई वर्षों से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन इतना भव्य किया जाता है कि कबड्डी प्रतियोगिता में परसकोल छत्तीसगढ़ के पहले स्थान पर आता है। लेकिन, शासन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। परसकोल में कबड्डी को त्यौहार के रूप मनाया जाता है।

एमएससीटी परसकोल के अध्यक्ष अजीत प्रधान ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में सभी सदस्यों का बहुत ही योगदान रहा। उन्होंने तन मन धन से कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सफल बनाया। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तीस हजार रुपए करपीहा बिलासपुर, द्वितीय पुरस्कार बीस हजार रुपए आरसीसी भोपाल के कबड्डी को दी गई। वहीं तृतीय पुरस्कार दस हजार रुपए उज्जैन को दिया गया। साथ ही चतुर्थ पुरस्कार पांच हजार रुपए कोरबा के खिलाड़ियों को दी गई। इस कबड्डी प्रतियोगिता की कमेंट्री प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने की।

### फैंसी ड्रेस स्पर्धा हुई

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा शानदार फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। बच्चे जवाहर लाल नेहरू, महारानी लक्ष्मी बाई, डॉक्टर, महेंद्र सिंह धोनी सैनिक बनकर अपनी प्रस्तुति दिए। भाषण, चित्रकला, कुर्सी दौड़, स्लो सायकल रेस आदि खेल का आयोजन किया गया। बाल दिवस पर कक्षा तीसरी से युवांश नामदेव के पालक अशोक नामदेव द्वारा सभी बच्चों को बिस्किट चॉकलेट का वितरण किया गया।

### आत्मानंद स्कूल में शिक्षक ने की छात्र से मारपीट

**सरायपाली।** स्कूली बच्चे के साथ शिक्षक द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा तीसरी में अध्यनरत आरुष पंडा की मां संगीता पंडा ने लिखित शिकायत की प्रति दिखाते हुए बताया कि 11 नवंबर को शिक्षक शोभाराम भोई द्वारा मेरे बेटे आरुष पंडा को स्कूल में बाल खींचकर मुक्के से पिटाई किया गया, जिससे बच्चा दर्द से कराह रहा है। वह उठ नहीं पा रहा है तथा बच्चा मानसिक रूप से डरा-सहमा हुआ है। इस संबंध में प्रिंसिपल को लिखित सूचना देने पर पावती देने से मना कर दिया और कहा गया कि मैं आपको कोई पावती नहीं दे सकता बोला गया। इसके पहले भी उक्त शिक्षक के संबंध में और भी शिकयत के लिए गई, पर कार्रवाई नहीं किया गया है। छात्र की मां संगीता पंडा ने लिखित शिकायत जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विखं शिक्षा अधिकारी से करते हुए शिक्षक शोभाराम भोई के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**बसना।** विकासखंड मुख्यालय के बंसुला स्थित शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बाल दिवस पर साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जागर मोती साव एवं विशिष्ट अतिथि शाला एवं विकास समिति की अध्यक्ष अहिल्या बाई सिदार रहीं। इस दौरान संस्था के बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर गीतांजलि नाग, सविता कुमार, किरण मलिक, संतोषी साव, रमा साहू, सुमिता, संगीता सभी का सहयोग रहा। बच्चों को नेवता भोज करवाया गया।

### नेहरू स्मृति विद्यालय में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय में 14 नवंबर गुरुवार को बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही छात्रों ने पर्यावरण प्रदूषण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कोरोना संक्रमण, स्वच्छ भारत निर्माण स्वच्छता अभियान के तहत सुखी धरती करें पुकार वृक्ष लगाके करो श्रृंगार, प्राकृतिक के दुश्मन तीन पाऊच पन्नी पॉलीथिन नारे से नाटकीय जागरूक किया। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय से अवगत कराते हुए बताया कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं, जो आगे चलकर देश और अपने अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे एवं स्वतंत्र भारत के जिम्मेदार और प्रतिष्ठित नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे गिली मिट्टी की तरह होते हैं।

# सहकारी समिति कार्यालय सह गोदाम का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्राथमिक कृषि साख सहकारी

- सांसद ने रोहिना उपार्जन केंद्र में किया धान खरीदी का शुभारंभ



समिति रोहिना में धान खरीदी का शुभारंभ एवं कार्यालय सह गोदाम भवन का लोकार्पण समारोह महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य अतिथ्य में, राज्य महिला आयोग सदस्य एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया की अध्यक्षता में भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी, ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, भंवरपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी छालो विशाल सागरपाली सरपंच प्रतिनिधि लालचंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच श्यामसुंदर चौधरी, कन्हैया लाल पटेल, भंवरपुर मंडल महामंत्री उत्तर निषाद, कृष्ण कुमार नायक, बनीत सिदार आदि की विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रति किसानों की आस्था और विश्वास बड़ी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है।

उन्होने कहा कि किसानों को धान का बोनस देने की शुरुआत तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा ही किया गया था। आज किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल का दाम मिल रहा है जो समर्थन मूल्य से कहीं अधिक है। पूरे देश में सर्वाधिक धान का दाम अगर कहीं मिल रहा है तो छत्तीसगढ़ के किसानों को मिल रहा है किसान अधिक दाम पाकर काफी खुश हैं। प्रथम दिवस धान लाने वाले किसानों का पुष्पहार से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र पटेल, वृंदावन साहू, कुबेर नायक, चूड़ामणि साहू, कुंतल साहू, मनोज पटेल, दुखीश्याम पटेल, नेपाल साहू, मदन चौरसिया, सुरेंद्र सेठ, प्रकाश रात्रे, विजय राणा, विजय साहू, शुक्लाध्वज टेकाम, जयकृष्ण नेताम, बंशीधर पटेल, झम्मन पटेल, शिव अग्रवाल, बसंत नायक, उसत कुमार, दिवाकर साहू, समिति प्रबंधक सीताराम चौधरी, विक्रेता भूमि सिदार झनक पटेल, मधु सिदार, चंद्र कुमार पटेल, हेमंत यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं कृषक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश साहू एवं आभार व्यक्ति विद्या चौधरी ने की।

# सिप अबेकस के इंटरनेशनल प्रॉडिजी में बच्चों ने किया शहर को गौरवान्वित

**सरायपाली।** सिप अकादमी द्वारा 21वा इंटरनेशनल प्रॉडिजी का आयोजन 10 नवंबर को कोलकाता में हुआ। सरायपाली सेंटर से लेवल 4 से अर्श अग्रवाल फस्ट रनर अप, लेवल 3 से प्रगति दास थर्ड रनर अप, लेवल 6 से संध्या यादव बर्ड रनर अप एवं 12 छात्रों ने परफॉर्मेंस अवार्ड प्राप्त किया। सरायपाली सेंटर के एलसीएल राखी पाणिग्राही के निर्देशन में प्रोडिजी कोलकाता में भाग लेते हुए सरायपाली सेंटर से बच्चों ने रनर अप खिताब जीतकर अपने माता-पिता एवं अबेकस सेंटर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सरायपाली से अहद अमन, राजवीर भोई, अंशु साहू, अग्रवाल, वेदिका अग्रवाल, रुद्र चंदा, प्राची भोई, कशिश नायक, पलक गिरी, गगन साहू, अनमोल अग्रवाल, अद्वैत अग्रवाल, नव्या कौर आहूजा एवं शिवम देवांगन शामिल हुए। छात्रों ने खिताब अपने नाम कर सरायपाली सेंटर के अबेकस स्किल कोर्स की सफलता को साबित किया। ये ऐसी प्रतियोगिता होती है, जिसमें केवल 11 मिनट में गणित के 400 प्रश्नों को बच्चे हल करते हैं। सिप अबेकस के इंटरनेशनल प्रॉडिजी जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष सबसे अधिक 6500 से भी ज्यादा अबेकस के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इतनी संख्या के प्रतियोगिता में रनर अप का खिताब हासिल करते हुए सरायपाली सेंटर की सफलता का प्रमाण दिया। अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूएई नेपाल साहित 11 देशों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें इंटरनेशनल लेवल में सरायपाली शहर का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में 15 छात्रों ने अलग-अलग लेवल के खिताब को अपने नाम करते हुए अपने योग्यता से अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाया। सरायपाली अबेकस के एलसीएल राखी पाणिग्राही ने हर्ष जताया। सिप अबेकस के स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला ने भी सभी बच्चों एवं पालकों को अगली प्रॉडिजी में विनर बनने के लिए प्रेरित किया। अधिवक्ता संघ के सचिव आरके दास एवं पत्नी रश्मि दास ने पुत्री प्रगति दास को अवॉर्ड मिलने पर हर्ष जताया।


### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के विभिन्न पदों पर हुआ चुनाव

**महासमुंद।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा महासमुंद के लिए विभिन्न पदों पर निर्वाचन जिला पंचायत सभागार में हुआ। डॉ. रवि राज ठाकुर अपर कलेक्टर निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में निर्वाचन कराया गया। निर्वाचन के लिए सभापति के लिए संदीप दीवान एवं दाऊलाल चंद्राकर प्रत्याशी रहे। गुप्त मतदान द्वारा संदीप दीवान विजयी हुए। निर्वाचन अधिकारी ने संदीप दीवान को सभापति नियुक्त किया। शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुए। उपसभापति के लिए डॉ. राकेश कुमार परदल, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा एवं राज्य प्रतिनिधि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी निर्वाचित हुए। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रास सोसायटी जिला शाखा के पदेन अध्यक्ष एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं निर्वाचन अधिकारी रवि राज ठाकुर, पी कुदेशिया सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पूर्व सभापति अनिता जी रावटे, उपसभापति दाऊलाल चंद्राकर, अरुणा शुक्ला, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, एचआर बघेल, डॉ एमवाय मेमन, माधव टांकसाले, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, अरशी अनवर, प्रमोद तिवारी, प्रेम चंद्राकर, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, राजेश्वर खरे, यशवंत चौधरी, संजय शर्मा, सुनील शर्मा, येतराम साहू, हीरा बंजारे. संरक्षक महेंद्र श्रीश्रीमाल सहित कार्यलायीन कर्मचारी सागर सिंह ठाकुर झलेश वर्मा, निर्मलकर मुरली मनोहर देहारी, कुंदन थानेकर आदि उपस्थित रहे।

# सेजेस सांकरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा (जोंक)

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सांकरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र अग्रवाल एवं प्राचार्य दीपक देवांगन के निर्देशन में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं शिक्षकों द्वारा सभी 1161 बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। बाल दिवस के शुभअवसर पर बच्चों ने डांस एवं खेल (जलेबी दौड़, ग्लास वाटर रेस, चम्मच दौड़, रस्साकशी, कुर्सी दौड़ ) का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए कुर्सी दौड में ईनाम अध्यक्ष द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता अजय नायक ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतपाल सिंह छाबड़ा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे गुरु गोविंद सिंह के बच्चों के जैसे बनें। उन्होंने आज के बच्चे कल का भविष्य बताया। अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। वे अनुशासित होकर पढ़ाई करें और अपने भविष्य को उज्ज्वल करें। इस अवसर पर सोनु छाबड़ा विधायक प्रतिनिधि, कलपराम साहू, गजेंद्र चौधरी, कंवलजीत



छाबड़ा पम्मी, पुरषोत्तम धृतलहरे, मनोज बारीक, रोहतास गोयल, बालकराम नायक, उद्धव खम्हारी, राजेश विशाल, गोविंद साहू, योगेश प्रधान, गोकुलानंद प्रधान, नरेंद्र बोरे, नरेश साहू समेत विद्यालय के व्याख्याता एसडी भोई, टीडी कुमार, पीएल नायक, एमआर सिदार, एसके पटेल, अजय नायक, आईके डड़सेना, प्रमोद प्रधान, अशोक वाजपेयी, आकांक्षा मिश्रा, प्रेमलता सिदार, मंदाकिनी प्रधान, कविता चौधरी, अलका साहू, मंगला साहू आदि मौजूद रहे।

# बागबाहरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



बागबाहरा स्थित संस्कृतिक भवन में महिला एवं बाल विकास विभागद्वारा आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सम्मान समारोह पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई। तत्पश्चात महिला बाल विकास विभाग के पदाधिकारीयों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक यादव का स्वागत किया।

अतिथि स्वागत के पश्चात सम्मान समारोह के बाद विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं अन्य अतिथियों के द्वारा बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी में कार्यरत कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का कार्य केवल बच्चों को पोषण आहार प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उनके द्वारा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा के का बीजारोपण भी किया जाता है। जिस पर स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा की विशाल इमारत खड़ी होती है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शिक्षक दिवस पर भी सम्मानित करने के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए। ताकि, समाज भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के महत्व को समझ सकें। विधायक यादव ने कहा कि माता तो केवल अपने बच्चों की ही देखभाल करती है लेकिन आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि प्रतिदिन अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र के आंगनबाड़ी आने वाले सभी छोटे बच्चों के लिए एक माता की भूमिका का निर्वहन करती हैं। विधायक यादव ने कहा कि आप ही सभी के हाथों में हम छोटे बच्चों को सौंप देते हैं और आप उनके विद्या अध्ययन का श्रीगणेश करती हैं तथा कुपोषित बच्चों को पोषण से युक्त आहार ग्रहण कराकर पुष्ट करती हैं। इस प्रकार आप सभी माता के बाद इन बच्चों की स्कूल शिक्षा की प्रथम गुरु भी है और आज इस मंच के माध्यम से मैं आपको और आपकी कार्यकुशलता को प्रणाम करता हूं। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, परियोजना अधिकारी मीना चंद्राकर, पर्यवेक्षक भावना गुप्ता, रमा अग्रवाल, जामिनी बरिहा, सरोजिनी आदित्य मनिका ठाकुर, शकुंतला चौहान, नूतन ध्रुव, हीरा ध्रुव, तुलेश्वरी खूंटे, चित्रा शर्मा, रुपेश्वरी सीमा नायक, नपा अध्यक्ष हीरा सेतराम बघेल, सेतराम बघेल आंगनबाड़ी सहायिका में अमृत बाई खुर्सीपार, पार्वती साहू, अमृता ठाकुर, पदमा नागेश, नंदिनी दीवान, खिलेश्वरी निषाद कुलेश्वर यादव, सुमरीत बाई, रामकुंवार कांति बाई हेम बाई, मंता यादव, शमीम खान, बालेश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोतिम साहू सिवनिकला 1, कांति ध्रुव, बिसानी साहू, रेखा ठाकुर, लीलावती साहू, राजकुमारी दीवान, डेकेश्वरी सेन, रवीना साहू, उलसी मांझी, गुलमत ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, सीता बाई डोंगरे, लक्ष्मी पटेल सहित बड़ी संख्या में बागबाहरा विकासखंड की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहे।



### महाविद्यालय में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर समारोह का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.संध्या भोई (विभागाध्यक्ष हिंदी), अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.उषाकिरण अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रभारी प्राचार्य पीके भोई एवं जनजाति गौरव समिति के संयोजक एमएन सिदार मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं जनजातियों के भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सरस्वती वंदना कुमारी गायत्री मिश्रा एवं राज्य गीत का सामूहिक रूप से गायन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एमएन सिदार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं बिरसा मुंडा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता डॉ संध्या भोई ने बिरसा मुंडा के जीवनी, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान एवं जल, जमीन और जंगल के सच्चे उपासक एवं संरक्षक जनजातियों के योगदान के परिप्रेक्ष्य में सारगर्भित एवं प्रेरणाप्रद उद्बोधन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ उषाकिरण अग्रवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा की जीवनी से हमें सीख लेते हुए अपने भविष्य को संरक्षित एवं संवर्द्धित करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जनजातीय गौरव समिति के सदस्य पीतांबर बाघ द्वारा एवं आभार प्रदर्शन यूके बरिहा विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) द्वारा किया गया

**खबर संक्षेप**

## संकुल स्तरीय सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला पटेवा के संयुक्त तत्वाधान में संकुल स्तरीय सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र पटेवा के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र साहू व सुनील शुक्ला थे। अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेकराम ध्रुव व पवन यादव ने की। विशिष्ट अतिथि तुलाराम डडसेना एवं चमन लाल निर्मलकर रहे। प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान माध्यमिक शाला पटेवा व द्वितीय सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा रहे। प्राथमिक स्तर पर प्रथम प्राशा पटेवा, द्वितीय प्राशा सिनोधा रहे। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। संपूर्ण कार्यक्रम में संकुल समन्वयक राजू देवांगन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज सेन व मेमन कुमार चंद्राकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख नंदकुमार निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम में संकुल के शिक्षक ओमप्रकाश साहू, ममता कुर्रे, लोकेश्वरी ध्रुव, कांति साहू, खिलेश्वरी कोसरिया, सोनिया साहू, भगवती गायकवाड, ममता प्रधान, नरेश्वर डडसेना, आशीष ध्रुव, अरुण साहू आदि मौजूद रहे।

**आयोजन : आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान**

# बच्चों का मां की तरह देखरेख करती हैं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य शासन के निर्देशानुसार परियोजना क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती, शिशुवती माताओं को समेकित बाल विकास सेवा योजना अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाली प्रत्येक परियोजना से एक-एक उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को सम्मानित करने आज बाल दिवस पर सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। सम्मान दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने इस अवसर पर सभी सम्मानित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को कहा कि फील्ड में ये 24 घंटे समर्पित भाव से कार्य करती है। बच्चों की शिक्षा से लेकर उनके लालन-पालन तक की जवाबदारी उनके ऊपर होती है। वास्तव में वे बच्चों को मां की तरह देखरेख करती हैं। कोरोना काल के दौरान उन्होंने असाधारण कार्य किए हैं। विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि वास्तव में महिला बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता और सहायिका विभाग की धुरी है। इनके ममत्व और संवेदनशीलता से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। ये कुपोषण को मिटाने के लिए योद्धा की तरह काम करती है। किसी भी परिस्थिति में काम करने के लिए तैयार रहती है। वास्तव में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सम्मान की हकदार है। कार्यक्रम को पार्षद देवीचंद राठी एवं महेन्द्र जैन ने संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पांडेय ने बताया कि बच्चों के समग्र विकास के लिए भाषा, संज्ञानात्मक, शारीरिक, रचनात्मक और सामाजिक-भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने वाली ईसीसीई गतिविधियां भी संचालित की गईं। इस आयोजन का उद्देश्य जिले के विभिन्न परियोजना और सेक्टर के अंतर्गत आने वाले आंगनबाडी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका द्वारा किए जा रहे बेहतर प्रयासों को प्रस्तुत करने का अवसर देना, ईसीसीई के गतिविधियों के महत्व को समझने एवं नियमित इसे केंद्रों में संचालित करने की दिशा में उन्मुख करना है। साथ ही आयोजन में अभिभावक के रूप में आए पालक, अन्य कार्यकर्ता/सहायिका और समुदाय के सदस्यों को बीच केंद्रों में हो रहे प्रयासों से आंगनवाड़ी को सकारात्मक छवि प्रस्तुत करना है जिससे आगामी माह से सभी केंद्रों में ईसीसीई की गतिविधियां संचालित की जा सके। सम्मान समारोह में 12-12 कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया।

जिसमें महासमुंद शहरी परियेजना अंतर्गत बेमचा केंद्र की कार्यकर्ता त्रिवेणी चंद्राकर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्र की सहायिका सविता साहू, महासमुंद ग्रामीण परियोजना अंतर्गत खट्टी क्रमांक 3 की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अहिमन घृतलहरे व लाफिनकला केंद्र 01 की सहायिका तिजिया निषाद, बागबाहरा परियोजना अंतर्गत सिर्री केंद्र की कार्यकर्ता चन्द्रप्रभा चंद्राकर व चंदरपुर केंद्र की सहायिका विम्बा बाई, बसना परियोजना अंतर्गत कुरमुंडी केंद्र की कार्यकर्ता नीलिमा बीसी व चिमेरकेल केंद्र की सहायिका पद्मा बाई, पिथौरा पिरयोजना अंतर्गत लोहरीनडोंगरी केंद्र की कार्यकर्ता प्रभावशालिनी चौहान व बुंदेली केंद्र की सहायिका उषा ठाकुर एवं सरायपाली परियोजना अंतर्गत बैतारी केंद्र की कार्यकर्ता लक्ष्मी सेठ व किसड़ी की सहायिका दयमती को सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी शैल नाविक, पर्यवेक्षक शीला प्रधान, कुंती यादव एवं सभी पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका मौजूद थी।

# विजन 2047 की सफलता में सशक्त बूथ और मंडल की होगी अहम भूमिका: संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा संगठन के निर्देशानुसार संगठनात्मक चुनावों की प्रक्रिया के तहत शहर मंडल की महत्वपूर्ण कार्यशाला 14 नवंबर को जिला भाजपा कार्यशाला भाजपा कार्यालय में मंडल चुनाव प्रभारी बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई। कार्यशाला के पूर्व मंडल प्रभारी विधायक संपत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जिला संगठन सह चुनाव प्रभारी एतराम साहू, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रभा साहू सहित मंचस्थ पदाधिकारियों ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मंडल कार्यशाला का मंच संचालन मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा ने किया।

कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए शहर अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने कहा कि भाजपा संगठन के कार्यक्रमें में चुनाव भी समयानुसार चलने वाली प्रक्रिया है। संगठन के सभी कार्यो में शहर मंडल के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण अग्रणी भूमिका रही है। आगे भी हम सभी सामंजस्य बनाकर पार्टी के कार्यक्रमो में सक्रियता बनाये रखेंगे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को मंडल और स्थानीय बूथ समिति के चुनावों की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए मंडल चुनाव प्रभारी बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मंडल की प्रारंभिक इकाई बूथ है और बूथ के गठन के पश्चात मंडल टीम की गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा संगठन के ढांचे में बूथ सर्वाधिक शसक्त इकाई है। सशक्त और सक्रिय सदस्यों के बीच गठित बूथ समिति, हर चुनावों और भाजपा संगठन के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। संपत ने कार्यकर्ताओं को बूथ और मंडल चुनाव की सारगर्भित जानकारी देते हुए कहा कि बूथ जितना मजबूत होगा उतनी ही मजबूत भाजपा होगी, पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हर बूथ में विजय के संकल्प के साथ कार्यकर्ताओं ने घर-घर जनसंपर्क कर पार्टी की ऐतहासिक विजय में अपनी भागीदारी निभाया जिसके कारण देश प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सपनो के भारत के निर्माण विजन 2047 में बूथ और मंडल कार्यसमिति की अहम भूमिका होगी। संपत अग्रवाल ने शहर मंडल के सभी 10 शक्ति केंद्रों में बूथ चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए प्रभारी और सहयोगियों के नामो की घोषणा भी की। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सत्ता और संगठन के कार्यो और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम बूथ है और हर बूथ में समय समर्पण और लगन परिश्रम से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को अवश्य ही दायित्व मिलेगा। हम सभी मिलकर सबका साथ सबका विकास की कल्पना को साकार करने के साथ केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं को जरूरतमंदों तंक पहुंचाने में अपना योगदान देंगे। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने अपने उदबोधन में कहा कि शहर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के कार्यों का दीर्घकालीन अनुभव है, जिनको नेतृत्व का अवसर मिलेगा वो सभी को साथ लेकर सत्ता और संगठन के कार्यों को आपसी तालमेंल बनाकर सफलता से पूर्ण करेंगे। कार्यशाला का आभार महामंत्री एमआर विश्वंनाथन ने किया। कार्यशाला में पार्षद सहित मंडल के सभी शक्तिकेंद्र के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथों के अध्यक्ष, सचिव सहित भाजपा, और मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी प्रमुख बसना विधानसभा के विधायक संपत अग्रवाल, महासमुंद विधानसभा के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, विधान सभा संयोजक संदीप दीवान जिला मंत्री निरंजन शर्मा, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, मंडल महामंत्रीद्वय प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, माधव टांकसाले, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा साहू, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, सीता टांडेकर, देवेंद्र चंद्राकर, उषा पाल, कौशल्या बंसल, मीना वर्मा, सुजाता विश्वनाथन, हुसैना बनो, नानू हरबंश ढिल्लो, अलका पुंज, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, मधु यादव, सुनीता देवांगन आदि मौजूद रहे।

# बाल दिवस पर हुआ पालक-शिक्षक सम्मेलन छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**महासमुंद।** आशी बाई गोलछा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शाला के प्राचार्य की अध्यक्षता में बाल दिवस पर पालक-शिक्षक का सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के अधीक्षक मदन चौधरी व शाला के प्रधान पाठक जीआर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे व पंडित जवाहरलाल नेहरू के तेल चित्र के समक्ष प्राचार्य जीआर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, प्रधान पाठक जीआर साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्कूल के छात्र अनमोल कुर्रे एवं उनके माता-पिता व बहन द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ राज गीत की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आनंद मेला भी लगाया गया था। जिसमें समोसा, चाट, गुपचुप, भेल, पास्ता, गुलाब जामुन, अंकुरित अनाज, फल, चाय आदि के स्टाल भी लगाए गए थे। डिंपल गोस्वामी व उनकी माता सुप्रिया गोस्वामी, नीलम ध्रुव उनकी माता कुंवर बाई ध्रुव दोनों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो सबका मन मोह लिया। आकाश यादव, मानवी कामड़े, सजल शर्मा, आलिया कुरैशी, निशु, अनमोल कुर्रे सभी बच्चे अपने-अपने पालकों के साथ फैंसी ड्रेस में भाग लिए। सभी पालक और बच्चे स्टाल में लगे विभिन्न व्यंजनों का आनंद भी लिए।

# छात्रों को करियर के प्रति सजग रहते हुए लक्ष्य निर्धारित करते आगे बढ़ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 13 नवंबर को विज्ञान गतिविधियों के अंतर्गत करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के तारतम्य में कक्षा दसवीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के छात्र हित को ध्यान में रखते हुए उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य जीआर सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि दसवीं के विद्यार्थियों को विषय चयन की गंभीरता को समझना है तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को करियर के प्रति सजग रहते हुए एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए आगे बढ़ाना है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होने के पश्चात विद्यार्थियों को कैरियर सिलेक्शन करने तथा किसी भी कोर्स को ज्वाइन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पहले ही इस ओर ध्यान दिलाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि उपस्थित हुए डॉ देवेश गिरी सहायक प्राध्यापक वेटरनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज ने बताया कि कक्षा 12वीं विज्ञान के विद्यार्थियों को एमबीबीएस के अलावा वेटरनरी आयुर्वेदिक तथा एग्रीकल्चर भी अच्छे करियर ऑप्शन है।

यहां के डिप्लोमा कोर्सेज तथा नीट और व्यापम की परीक्षा के माध्यम से एडमिशन ले सकते हैं। मिलिट्री, आर्मी एवं एग्रीकल्चर यूनिट में अच्छे जॉब के अवसर है। अपेक्स बैंक के मैनेजर देवेंद्र निषाद ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को फोकस करते हुए विषय चयन की गहराइयों को समझाया। विभिन्न करियर ऑप्शन की डिटेल में जानकारी दी। रेलवे, एसएससी, एनटीपीसी, सिविल सर्विसेज एवं बैंकिंग इत्यादि की परीक्षाओं तथा उनसे प्राप्त जॉब के अवसरों को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को अपनी जानकारी से संतुष्ट किया। संस्था की व्याख्याता कीर्तन साहू तथा दुर्गेश नंदिनी यदु ने मोटिवेशनल स्पीच से छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। वरिष्ठ व्याख्याता डॉ ज्योति किरण चंद्राकर ने कार्यक्रम के महत्व तथा उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन विज्ञान प्रभारी पूजा साहू ने किया। व्याख्याता चंद्रशेखर मिथिलेश ने विशेष सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर विवेक राहटगांवकर, विमल मन्नाडे, डीके शर्मा, आशीष देवांगन, एसके मांझी, बेला मारू, मधुमती चंद्राकर, नोबल ध्रुव आदि उपस्थित रहे।




## मिडिल स्कूल कसहीबाहरा में मनाया गया बाल दिवस

**महासमुंद।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती का प्रतीक 14 नवंबर को शासकीय मिडिल स्कूल कसहीबाहरा बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें ड्राइंग,पेंटिंग, भाषण एवं निबंध लेखन स्पर्धा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख हेमंत खुटे द्वारा नेहरू के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दरमियान कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रधान पाठक हेमंत खुटे ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी की तरह होते हैं उन्हें जैसा आकर दो वैसे ही बनते है। आइए हम सब मिलकर आज के बचपन एवं कल के भविष्य को बेहतर आकार दें। विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल व तबस्सुम ने कहा कि यह दिन हमें आप सभी के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को हेमंत खुटे ने उपहार स्वरूप कलम भेंट की। ड्राइंग स्पर्धा में प्रथम चमन पटेल, द्वितीय त्रिभुवन, पेंटिंग में प्रथम मनीषा ठाकुर, द्वितीय गौरव ठाकुर, भाषण में प्रथम शीतल दीवान, द्वितीय मोना पटेल एवं निबंध लेखन में प्रथम अनामिका व द्वितीय तेजल दीवान रही। इस अवसर पर जिला शतरंज संघ महासमुंद द्वारा बच्चों न्योता भोज कराया।




# छात्रा के निधन पर शोक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बंद करवाया महाविद्यालय

**महासमुंद।** जिले का सबसे बड़ा शासकीय महाविद्यालय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय, जो कि हमेशा से विवादों में रहा है यहां पढ़ने वाली एक छात्रा चांदनी कोसरिया बीए प्रथम वर्ष की विद्यार्थी थी तथा पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मचेवा में रहकर पढ़ाई करती थी। छात्रावास में अधीक्षिका की अनुपस्थिति में छात्रा द्वारा छात्रावास में फंसी लगा ली। वह फांसी क्यों लगाई? क्या कारण है कि एक छात्रा मजबूर होकर यह कदम उठा ली? जिसका अभी तक किसी प्रकार की कोई भी जानकारी नहीं मिली है। इसलिए विद्यार्थी परिषद ने शोक व्यक्त करते हुए महाविद्यालय बंद करने का आवाह्न किया था। परंतु, लगातार आग्रह करने पर भी महाविद्यालय में कार्यक्रम किया जा रहा था। जहां एक ओर शोक का माहौल था वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम चल रहा था। पूछने पर कॉलेज की प्राचार्या का कहना था कि कार्यक्रम की योजना पूर्व हो गई थी। जिसे स्थगित नहीं हो सकता था, जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद इकाई के महाविद्यालय के छात्र द्वारा नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम के बीच पहुंच कर कार्यक्रम को न सिर्फ स्थगित कराया गया, अपितु महाविद्यालय में शोक में मौन धारण के पश्चात छुट्टी भी करा दी गई। जिसके पश्चात शहर के अन्य महाविद्यालय में भी अवकाश घोषित किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि छात्रा आत्महत्या किसी न किसी कारण से की होगी, यदि पोस्टमार्टम के रिपोर्ट में ऐसा कुछ पाया जाता है तो प्रशासन को दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।



## तुलसी दुल्हन और शालिग्राम बने दूल्हा 16 देवी-देवता और नवग्रह की हुई पूजा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में देवउठनी पर तुलसी शालिग्राम विवाह कराया गया। घर द्वार पर दीप सजाने के साथ ही आतिशबाजी हुई। राम मंदिर में आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने स्थापित भगवान अभिषेक प्रातः से ही गंगा जल के साथ किया गया। साथ ही छप्पन भोग लगाए गए। मंदिर में गन्ने से मंडप सजाया गया। विवाह के आयोजन के साथ महाराज विष्णु भगवान, 16 देवी देवताओं एवं नवग्रह की पूजा की। गन्ने का मंडप बनाकर उसमें तुलसी के गमले पर गेरू लगाकर सजाया गया। तुलसी माता को उढनी सुहाग चढ़ाई गई। तुलसी माता के पौधे पर साड़ी के साथ चूड़ी रखकर दुल्हन के रूप दिया गया। माता को दक्षिणा के रूप में नारियल चढ़ाया गया। तुलसी में भगवान विष्णु को शालिग्राम के रूप में स्थापित किया गया। विवाह के अवसर पर मंडप में तुलसी शालिग्राम के सात फेरे लगाए गए। पश्चात सुबह से ही भक्तों द्वारा मंदिर परिषद में मंडप बनाया गया। भगवान विष्णु और तुलसी की विवाह को लेकर चारों तरफ देवी-देवताओं को सजाया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। विवाह कराने के लिए महिलाओं ने एकादशी की विशेष पूजा की। माता का भव्य श्रृंगार कर 56 भोग लगाया और मनोकामनाएं मांगी।

# बच्चे देश और दुनिया का भविष्य, उन्हें संवारना और तैयार करना हम सबकी जिम्मेदारी: चंद्रा

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता संबंधी कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा शासकीय राम पाठशाला पिटियाझर तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हार पारा स्कूल पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारी प्रदान की गई। बच्चों के साथ कानून से संबंधित सामान्य जानकारियों को तर्कसंगत चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा कहा कि देशभर में 14 नवंबर के दिन बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है, क्योकि उन्हें बच्चे बेहद प्रिय थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य होते है। वह अक्सर कहा करते थे कि बच्चें उन कलियों की तरह होते है जिन्हें पूरी तरह से खिलने के लिए देखभाल और पोषण की आवश्यकता होती है। बच्चें ही देश का कल है, बच्चे राष्ट्र का निर्माता होते है। बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक



अवसर है जब हमें बच्चों के अधिकारों उनके कल्याण और उनके भविष्य की सुरक्षा के बारे में सोचने का समय मिलता है। बच्चे देश और दुनिया का भविष्य हैं, ऐसे में उन्हें संवारना और आने वाले कल के लिए तैयार करना, पूरे समाज की जिम्मेदारी है। बाल दिवस का मकसद बच्चों को उनके अधिकारों, उनके कल्याण और उनकी खुशहाली के बारे में समाज को जागरूक करने का है। इसके अलावा बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों के बारे में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है, जिसके लिए नालसा हेल्प लाईन टोलफ्री नंबर 15100 के माध्यम से भी विधिक सलाह प्राप्त की जा सकती है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ

**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गांजर में धान खरीदी का शुभारंभ खल्लारी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान द्वारा संपन्न हुआ। श्री दीवान ने समस्त किसानों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामखिलावन साहू, किसान मोर्चा जिला मंत्री रुपेश साहू, लीलाधर चंद्राकर, नेहरू चंद्राकर, दाऊ टीकाराम चंद्राकर, सोसायटी प्रभारी पारस साहू, नीलकंठ साहू, गणेश तिवारी, समिति के पदाधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।



### जिपं सदस्य अलका ने किया धान खरीदी का शुभारंभ

**बागबाहरा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिर्री पठारीमुड़ा में धान खरीदी का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अलका चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय मलवे, शंकर तांडी, हेमंत तिवारी, भोजनाथ देवांगन, नरेंद्र बग्गा, सत्तू तांडी पूनम चंद्राकर, नंदू सोनी नारायण, तांडी योगेश चिंदा, दीपक साहू, किशन भारद्वाज, दादा ठाकुर आदि मौजूद रहे। कृषि उपज मंडी प्रांगण बागबाहरा में संचालित सिर्री-पठारीमुड़ा धान खरीदी केंद्र में अन्नदाता किसानों की उपस्थिति में पूजा अर्चना करके धान खरीदी कार्य की शुरुआत की गई।

### सनातन बोर्ड गठन के लिए आज सौंपेगे ज्ञापन

**महासमुंद।** दिल्ली में देश के संत समाज द्वारा देश के राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सनातन बोर्ड गठन की मांग को लेकर आज 16 नवंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी संदर्भ में संत समाज के समर्थन में सर्व हिंदू समाज द्वारा 16 नवंबर शनिवार को सुबह 10:30 बजे श्रीराम मंदिर गांधी चौक से एकत्रित होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में सर्व हिंदू समाज महासमुंद द्वारा समस्त नगरवासियों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। उक्त जानकारी उत्तम कुमार वर्मा ने दी है।



### उपार्जन केंद्र खट्टी में धान खरीदी का शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खट्टी में गुरुवार को भारत माता के छायाचित्र और तौल बट की पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, रमेंश साहू, हुलास गिरी गोस्वामी, रेखराज साहू, सरपंच दूजराम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



### जयंती पर भगवान बिरसा को किया याद

**महासमुंद।** प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास महासमुंद में आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में खंड प्रभारी महेंद्र टंडन, छात्रावास अधीक्षिका रीतु चंद्राकर, छात्रावास के कर्मचारी तनूजा, सुषमा, रेशमा, तनूजा दुबे और छात्राएं उपस्थित रहे।

**आयोजन : जनजाति गौरव दिवस पर प्रतिभावान छात्र-छात्राएं, उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित**

# जनजातियों ने प्रकृति को सहेजने और संवारने में जीवन समर्पित किया, नई जागरुकता का भी दिया संदेशः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हमारी सरकार में जनजातियों के विकास के रास्ते खुले : योगेश्वर
- जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन, स्टॉल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जिले में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार राज्य के जमुई से वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बिरसा आज भी हमारे समाज में एक आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। साथ ही इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम यहां जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में एकत्रित हुए हैं, जो हमारे आदिवासी समाज की महान परंपराओं, संस्कृति, और स्वाभिमान का प्रतीक है। भगवान बिरसा मुंडा, हमारे गौरवशाली इतिहास के उस नायक का नाम है, जिन्होंने न केवल अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि पूरे देश को स्वतंत्रता के संघर्ष में एक नई दिशा दी। उनके संघर्ष, उनकी वीरता, और उनकी अटूट संकल्पशक्ति ने हमें यह सिखाया कि यदि हमारा संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। उन्होंने जल, जंगल, और जमीन की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित



किया और आदिवासी समाज के लिए एक नई जागरूकता का संदेश दिया। अंत में उन्होंने कहा कि हम एकजुट होकर, उनके आदर्शों पर चलें और हमारे देश को और भी सशक्त, स्वाभिमानी और गौरवशाली बनाएं।

विधायक योगेश्वर राजू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष सिर्फ सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ नहीं था, बल्कि यह अपनी संस्कृति, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए एक महाक्रांति थी। उनकी विरासत हमें सिखाती है कि अपनी जड़ों से जुड़कर, आत्म-सम्मान के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची प्रगति है। आज हम इस जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उनकी प्रेरणादायक शिक्षाओं को याद करते हुए यह संकल्प लें कि हम सभी मिलकर उनके सपनों को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के राष्ट्रपति और प्रदेश के मुख्यमंत्री जनजाति समुदाय से है, जिससे हमें गर्व का एहसास होता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजाति समाज की उन्नति और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के इतिहास के अध्ययन करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि पिछले एक वर्ष में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विकास के लिए पीएम योजना के तहत 3025 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 1887 का आयुष्मान कार्ड, 2102 का बैंक खाता, 3099 का राशन कार्ड एवं 1380 हितग्राहियों का सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र बनाया गया है। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा 08 पोस्ट मैट्रिक, 53 प्री-मैट्रिक तथा 22 आश्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 3955 छात्र-छात्राएं आवासीय सुविधा का लाभ लेकर अध्ययन कर रहे है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में 418 जनजातीय छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। महासमुंद जिला जनजाति विकास के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में योगिता ध्रुव, देविका ध्रुव, श्रीराम भोई, खेल के क्षेत्र में बबिलास मुर्मू, घासीराम कमार, योगराज दीवान, दीपक दीवान, लिखेश ठाकुर को प्रदान किया गया। इसी तरह वन पट्टाधिकारी 10 किसानों को मसूर मिनी किट का वितरण किया गया। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र ग्राम रंगामटिया के सरपंच टप्पू लाल बरिहा को, शत प्रतिशत विद्युतीकरण के लिए ग्राम धौराभाठा के सरपंच मन्नू लाल दीवान को तथा तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। इससे पूर्व सांसद चौधरी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागवार विभागीय गतिविधियों के लिए लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इस दौरान स्व सहायता समूह के स्टॉल का अवलोकन करते हुए स्व सहायता समूह की दीदियों से चर्चा की और उनके द्वारा तैयार किए गए सामग्रियों की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर उन्होंने आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए हितग्राहियों से बातचीत की तथा मुख्य अतिथि ने स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास, कृषि विभाग, वन विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आदिम जाति विकास विभाग के स्टॉल का बारी-बारी से अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं से अवगत होते हुए उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, सतपाल सिंह पाली, रमेंश साहू, प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, थानसिंह दीवान, दिनेश रूपरेला, अतिरिक्त कलेक्टर रविराज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा सहित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से जुड़ी शिकायतें लोकपाल के समक्ष करें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में संभावित शिकायतों के समाधान के लिए लोकपाल की व्यवस्था की गई है। लोकपाल की यह व्यवस्था योजनाओं के पारदर्शी और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए की गई है। जिले में लोकपाल का कार्यालय जिला पंचायत महासमुंद के प्रथम तल पर कक्ष क्रमांक 28 में स्थापित किया गया है। जिले के अंतर्गत आने वाले सभी हितग्राही या नागरिक, जिन्हें मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन से संबंधित कोई समस्या, अनियमितता या शिकायत है, वे लोकपाल के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

## खेती करने वाले भाजपा नेता घोषणा करें कि रबी धान नहीं लगा रहे : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस व किसान

- किसानों को मैनुएल पंजीयन में हो रही परेशानी

नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि वर्तमान नई डबल इंजन सरकार की नई धान खरीद नीति में अनगिनत खामियां है। जबकि सरकार बदलती रही, पर धान खरीदी लगातार जारी रही। उसके बावजूद इस बार की धान खरीदी में न सिर्फ किसान, अपितु खरीदी केंद्र के कर्मचारी व अंत में राइस मिलर को धान उठाने और मिलिंग में भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा और सूखत में कोई निर्णय ना आने की स्थिति में खरीदी करने वाली समिति के ऊपर एफआईआर होने की पूरी संभावना बनी रहेगी। अंकित ने बताया कि केंद्र द्वारा समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी के बावजूद 3217 रुपए प्रति क्विंटल कीमत नहीं की गई। 2300 के अलावा बचत पैसा कब



और मोदी की गारंटी अनुसार पंचायत में पहुंचा कर कब तक देंगे की तारीख साय सरकार नही बता रही। अंकित ने बताया कि खरीद केंद्रों में बारदाने की कमी एक हफ्ते के अंदर यदि राइस मिलर उपलब्ध नहीं करवाएंगे तो होने वाली है। साथ ही ऑफ लाइन पंजीयन में बदले नियमों के अनुसार किसान को सीधे एक हफ्ते बाद की तारीख मिल रही है, और ऑनलाइन अपने अनुसार कभी भी तारीख देता है। साथ ही वर्तमान सरकार ने सूखत को लेकर अभी कोई निर्णय नही लिया है। जिसके चलते भी धान खरीद बीच में प्रभावित हो सकती है। इसी प्रकार रबी की फसल में धान न लेने के प्रशासनिक दबाव में अंकित ने कहा कि पहले भाजपा से जुड़े नेता जो बड़े किसान है और सिंचित भूमि के मालिक हैं वे घोषणा करें कि हम कोई भी रबी फसल के धान नहीं बोएंगे, तब शासन अपने इस तुगलगी फरमान को दूसरों पर लागू करवाए। साथ ही प्रशासन से मांग की है कि रबी फसल के लिए भाजपा की साय सरकार डीएपी उपलब्ध करवाए।

## शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत : ऐतिहासिक, सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान स्मृति समारोह आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता क्षीरसागर पटेल (सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र), मुख्य अतिथि किसान दीवान (सेवानिवृत शिक्षक एवं साहित्यकार), विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय शर्मा (प्रधान पाठक कसेकेरा), आदित्य रंजन कानूनगो ( विवेकानंद स्टडी सर्कल) एवं प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा तथा शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। पार्वती व अन्य साथियों ने मां सरस्वती की वंदना एवं राजकीय गीत प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) ने कार्यक्रम



की स्वागत उद्बोधन एवं प्रस्तावना रखा। मुख्य वक्ता क्षीरसागर पटेल सर ने जनजातीय समाज के उद्भव व विकास को विस्तार से रेखांकित करते हुए भारत में हुए जनजातीय समाज के गौरव रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह सहित देश के अनेक जनजातीय वीर सपूतों के जीवनगाथा का वर्णन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आदित्य रंजन कानूनगो ने कहा कि भारत की विरासत एवं संस्कृति को बनाए रखने में जनजातीय समाज के योगदान पर विशेष प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डॉ विजय शर्मा ने कोमाखान अंचल के जनजाति के गौरवशाली अतीत के बारे में बताया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि किसान दीवान ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को बताते हुए जनजाति द्वारा अपने मातृभूमि के लिए किए बलिदानों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुरुषोत्तम झा ने बच्चों को बधाई देते हुए आदिवासी वेशभूषा एवं उनके उनके परंपराओं को जानने और सहेजना को प्रेरित किया।

जनजातीय संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चात प्रतिभागी बच्चों को अतिथियों द्वारा विशेष स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, आदिवासी वेशभूषा सम्बन्धित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में डॉ. टिकेंद्र साहू, डॉ. रंजना दुबे, रोशनी वर्मा, लता पटेल, हेमा वर्मा, भारती साहू, योगेश्वरी साहू, हेमचंद साहू, मन्नूलाल कुर्रे, गगन ध्रुव एवं लेखराम बंजारे आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार चौहान (अतिथि व्याख्याता) तथा आभार व्यक्त पूनम वालिवे (अतिथि व्याख्याता) ने किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट एवं तुलसी का पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।






### लाफिनकला में महिलाओं ने रखा आंवला भोज कार्यक्रम

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से समीपस्थ ग्राम लाफिनकला में कार्तिक पूर्णिमा पर ग्राम लाफिनकला के शांति चौक में महिलाओ द्वारा आंवला भोज का आयोजन किया गया। सेवती निषाद ने बताया कि कार्तिक माह भर ब्रम्ह मुहूर्त में नदी के ठंडे जल में स्नान कर देवी-देवताओं की पूजा आराधना करते हैं और कार्तिक पूर्णिमा को सभी सदस्य राशि एकत्रित कर आंवला वृक्ष का पूजन कर उसके नीचे पकवान बनाकर सामूहिक रूप से भोजन प्रसाद ग्रहण करते हैं। साथ ही वहां जो भी श्रद्धालु आते हैं उनके लिए भी भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहती है। इससे लोगों में धार्मिक सद्भावना, पर्यावरण के प्रति प्रेम व भाईचारे की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर प्रमिला निषाद, अनिता निषाद, टोमिन साहू, गीतेश्वरी साहू, योगेश्वरी साहू, तृप्ति साहू, पवन बाई साहू, उर्वशी साहू, कमलेश्वरी निषाद, सेवती निषाद, थनवारीन साहू, चित्ररेखा साहू, छाया साहू, डिगेश्वरी साहू, ज्योति पटेल, बिंदा पटेल, दीपांजलि साहू, पूनमचंद साहू, दीपेश साहू भीषम साहू आदि उपस्थित रहें।







